संख्या-15/2017/आर-102/26-3-2017-3(रिट)/2017

प्रेषक,

कामता प्रसाद
अनुसचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 01-फरवरी, 2017

विषयः- रिट याचिका संख्या-20743/2016 सूरज कुमार व 04 अन्य बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक-05.05.2016 एवं अवमानना याचिका संख्या-5044/2016 सूरज कुमार बनाम श्री सुरेन्द्र विक्रम, तत्कालीन निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0लखनऊ में पारित आदेश दिनांक-07.12.2016 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय, समाज कल्याण के पत्रांक-4934/स.क./शिक्षा-अ/2016-17,दिनांक-10.01.2017 द्वारा उपलब्ध करायी आख्या पर सम्यक्विचारोपरान्त उक्त याचिका में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक-06.05.2016 एवं दिनांक-07.12.2016 के अनुपालन में याची छात्रों की वर्ष 2014-15 की दशमोत्तर अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की देय धनराशि कुल रूपये-2.7215 लाख (रूपये दो लाख बहत्तर हजार एक सौ पचास मात्र) को विशेष परिस्थितियां में चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 की अनुदान संख्या-83 के आयोजनागत पक्ष में प्राविधानित धनराशि जिसकी स्वीकृति पूर्व में निर्गत की गयी है, से व्यय/भुगतान की अनुमति प्रदान की जाती है। इसे भविष्य में अन्य प्रकरणों हेतु दृष्टान्त नही माना जायेगा।

2- मा0 उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के अनुपालन में याची छात्र का प्रत्यावेदन स्वमुखरित अपने स्तर से निस्तारित कराने का कष्ट करें।

उक्त आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च 2016 में निहित प्राविधानों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

कामता प्रसाद
अनुसचिव

पृ.संख्या-15/2017/आर-102(1)/26-3-2017 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा) प्रथम,उ0प्र0,इलाहाबाद।
2. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. जिला समाज कल्याण अधिकारी, सन्तकबीरनगर।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
5. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

कामता प्रसाद
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in